बुधवार
26 अप्रैल, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक






नावानगर में दाखिल खारिज के लंबित मामलों पर डीएम ने सीओ का किया वेतन बंद 3


# यूपी बोर्ड रिजल्ट: 10वीं में सीतापुर की प्रियांशी, 12वीं में महोबा के शुभ ने किया टॉप

- उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने जारी किया 10वीं और 12वीं कक्षा का रिजल्ट
- 10वीं में 89.78%, वहीं, 12वीं में 75.52% स्टूडेंट्स हुए पास

**एजेंसी/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं कक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया। 10वीं में कुल 89.78% स्टूडेंट्स पास हुए। छात्रों का पासिंग परसेंट 86.64%, जबकि छात्राओं का 93.34% रहा है। वहीं, 12वीं का कुल रिजल्ट 75.52% रहा है। इसमें 69.34% छात्र और 83% छात्राएं पास हुई हैं। दोनों परीक्षाओं में कुल 432 छात्र टॉप-10 में शुमार रहे हैं।



10वीं में सीतापुर की प्रियांशी सोनी ने टॉप किया। उन्होंने 600 में से 590 अंक हासिल किए। 12वीं में महोबा के शुभ छापरा ने टॉप किया। उन्होंने 500 में से 489 अंक हासिल किए। हाईस्कूल और इंटर, दोनों ही परीक्षाओं में लड़कियों ने बाजी मारी है। दोनों परीक्षाओं के ओवरऑल एवरेज में लड़कियों का रिजल्ट लड़कों से 10.18% आगे रहा। उत्तर प्रदेश में महज 67 दिनों में यूपी बोर्ड के डॉ. महेंद्र देव ने बताया कि सोमवार के बाद स्क्रूटनी के आवेदन शुरू हो जाएंगे। किसी छात्र को लगता है कि उसके नंबर कम आए हैं तो वह स्क्रूटनी भर सकता है। 30 सालों में पहली बार हुआ है कि कोई पेपर लीक नहीं हुआ है।

## 10वीं के टॉप-10

| स्टूडेंट | शहर | अंक |
|---|---|---|
| 1. प्रियांशी सोनी, | सीतापुर | 590/600 |
| 2. कुशाग्र पांडेय, | कानपुर | 587/600 |
| 3. मिस्कत नूर, | अयोध्या | 587/600 |
| 4. कृष्णा झा, | मथुरा | 586/600 |
| 5. अर्पित गंगवार, | पीलीभीत | 586/600 |
| 6. श्रेयांशी सिंह, | सुल्तानपुर | 586/600 |
| 7. आंशिक दुबे, | अयोध्या | 585/600 |
| 8. सक्षम, | अंबेडकर नगर | 585/600 |
| 9. पीयूष सिंह, | जौनपुर | 585/600 |
| 10. नमन गुप्ता, | वाराणसी | 585/600 |

## टॉप-10 में आने वाले स्टूडेंट्स होंगे सम्मानित

10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी करके 100 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया गया है। सीएम योगी ने सभी उत्तीर्ण छात्रों को शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही उन्होंने परीक्षाओं में राज्य स्तर और जनपद स्तर पर शीर्ष 10 में आने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने की भी घोषणा की है। रिजल्ट के मुताबिक हाईस्कूल में कुल 179 छात्रों ने टॉप-10 में जगह बनाई है, तो इंटर में यह संख्या 253 है। दोनों परीक्षाओं में कुल 432 छात्र टॉप-10 में शुमार रहे हैं। खास बात ये है कि यूपी बोर्ड की परीक्षा सीबीएसई के 1 दिन बाद 16 फरवरी से शुरू हुई थी लेकिन यूपी बोर्ड का रिजल्ट सीबीएसई से पहले घोषित कर दिया गया।

## इंटरमीडिएट में 253 छात्र टॉप-10 में शामिल

यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट में कुल 27,68,180 रजिस्टर्ड थे। जिनमें से 25,71,002 छात्र परीक्षा में उपस्थित हुए थे और 19,41,717 छात्र पास हुए है। इस साल 12वीं का ओवरऑल पास प्रतिशत 75.52 रहा है। इस साल 12वीं में कुल 9,76,059 लड़के और 9,65,658 लड़कियां पास हुई हैं। 2023 में लड़कों का पास प्रतिशत 69.34 प्रतिशत रहा है जबकि लड़कियों का पास प्रतिशत 83 रहा है। अगर पिछले साल की बात करें तो 85.33 प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने यूपी इंटर की बोर्ड परीक्षा पास की थी। लड़कियों का पास प्रतिशत 90 था जबकि लड़कों का पास प्रतिशत 81.21 रहा था। यूपी बोर्ड कक्षा 12वीं परीक्षा 2023 में कुल 253 छात्रों ने शीर्ष 10 स्थान हासिल किए हैं। इनमें से 81 छात्रों ने साइंस स्ट्रीम में, 67 छात्रों ने कॉमर्स स्ट्रीम में और 105 छात्रों ने आर्ट्स स्ट्रीम में प्रथम 10 स्थान हासिल किए हैं। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने प्रदेश के 258 केंद्रों पर 3.19 करोड़ कॉपियों को 14 दिनों में चेक करने का रिकॉर्ड बनाया है। इस बार कॉपियों को जांचने के लिए कुल 1,43,933 परीक्षक नियुक्त किए गए थे। तय समय सीमा से एक दिन पहले यानी 31 मार्च को मूल्यांकन कार्य पूरा कर लिया गया।

### ये हैं टॉपर्स

1. शुभ छापरा, महोबा 489/500
2. सुभाष गंगवार, पीलीभीत 486/500
2. अनामिका, इटावा 486/500
3. प्रियांशु उपाध्याय, फतेहपुर 485/500
3. खुशी, फतेहपुर 485/500
3. सुप्रिया, सिद्धार्थनगर 485/500

## खबरें फटाफट

### बंगाल में भड़की हिंसा के बाद भीड़ ने थाना जलाया

**दिनाजपुर।** पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में एक दलित नाबालिग के साथ कथित रेप और हत्या के बाद शुरू हुई हिंसा मंगलवार को फिर से भड़क गई। लड़की की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद नाराज आदिवासी और राजबंशी समुदाय ने कालियागंज थाने पर प्रदर्शन किया। रिपोर्ट में रेप का जिक्र नहीं होने पर प्रदर्शनकारी भड़क गए। पुलिस ने लोगों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। मौके का फायदा उठाकर कुछ अज्ञात बदमाश थाने में घुस गए और आग लगा दी। बाद में इन लोगों ने थाने पर पथराव भी किया।

### सीएम योगी को जान से मारने की धमकी देनेवाला गिरफ्तार

**कानपुर।** सीएम योगी को जान से मारने की धमकी देने वाले शख्स को कानपुर से गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी ने डायल 112 पर मैसेज के जरिए सीएम योगी को जान से मारने की धमकी दी थी। अभी तक जानकारी में पता चला है कि आमीन नाम के युवक ने गर्लफ्रेंड के पिता को फंसाने के लिए मोबाइल से सीएम को जान से मार देने का मैसेज डायल 112 पर भेजा था। उसने गर्लफ्रेंड के पिता का मोबाइल चोरी किया, फिर सीएम को धमकी भरा मैसेज भेज दिया।

## पीएम ने सिलवासा में नमो मेडिकल कॉलेज का किया उद्घाटन, बोले-

# हमने विकास के लिए 5 सालों में 5500 करोड़ रु. खर्च किए : मोदी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दादरा और नगर हवेली के सिलवासा में कई प्रोजेक्ट राष्ट्र को समर्पित किए
- जनसभा में बोले- देश में तुष्टीकरण पर नहीं, संतुष्टीकरण पर दिया जा रहा बल

**एजेंसी/सिलवासा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दादरा और नगर हवेली के सिलवासा में नमो मेडिकल कॉलेज के उद्घाटन सहित कई प्रोजेक्ट राष्ट्र को समर्पित किए। इस दौरान उन्होंने लगभग 4,873 करोड़ की लागत से 96 प्रोजेक्ट का शिलान्यास एवं शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कोई कल्पना नहीं कर सकता है कि इतने छोटे क्षेत्र में चारों दिशा में आधुनिक और तेज गति से विकास कैसा होता है, ये हमने देखा है। पीएम ने कहा, देश में तुष्टीकरण पर नहीं संतुष्टीकरण पर बल दिया जा रहा है। जब सरकार खुद लोगों के दरवाजे तक जाती है तो भेदभाव खत्म होता है, भ्रष्टाचार खत्म होता है, भाई-भतीजावाद खत्म होता है। हमने ये समाप्त किया है और लोगों के लिए काम किया है। इससे पहले पीएम मोदी ने सिलवासा में 16 किलोमीटर लंबा रोड शो किया। इस दौरान लोगों ने पीएम के स्वागत में फूल बरसाए।

पीएम मोदी ने कहा कि ये हमारा सिलवासा अब पहले वाला नहीं है, अब ये कॉस्मोपॉलिटन हो गया है। हिंदुस्तान का कोई कोना ऐसा नहीं होगा, जहां के लोग सिलवासा में न रहते हों। पिछले 9 सालों में हमने देश में एक नई कार्यशैली विकसित की है। अब जिस कार्य की नींव रखी जाती है, उसे तेजी से पूरा करने का भी भरसक



प्रयास किया जाता है। एक काम पूरा करते ही हम दूसरा काम शुरू कर देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमने विकास के लिए पिछले पांच सालों में 5 हजार 500 करोड़ रुपये खर्च किए। पीएम ने कहा कि आजादी के दशकों दशक बीत गए, लेकिन दमन, दीव, दादरा और नगर हवेली में एक भी मेडिकल कॉलेज नहीं बना। जिन्होंने दशकों तक देश पर शासन किया उन्हें यहां के युवाओं के साथ हो रहे अन्याय की चिंता कभी नहीं हुई। वे समझते थे कि इस छोटे से केंद्र शासित प्रदेश का विकास करके उन्हें कुछ हासिल नहीं होगा। पीएम मोदी ने कहा कि हमने 2014 में सरकार में आने के बाद पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम किया। नमो मेडिकल कॉलेज में हर साल 150 स्थानीय युवाओं को दाखिला मिलेगा। ये मेडिकल कॉलेज केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नागर हवेली, दमन और दीव की राजधानी में 203 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है।

## केरल में भारत की पहली वॉटर मेट्रो रेल सेवा का लोकार्पण

**तिरुवनंतपुरम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को केरल की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इसके अलावा उन्होंने देश के पहले वाटर मेट्रो सर्विस का उद्घाटन किया। मोदी ने तिरुवनंतपुरम में डिजिटल साइंस पार्क की आधारशिला रखी और विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। पीएम सबसे पहले सुबह 11 बजे तिरुवनंतपुरम सेंट्रल रेलवे स्टेशन पहुंचे और तिरुवनंतपुरम-कासरगोड के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को विदा किया। पीएम ने डिंडीगुल-पलानी-पलक्कड़ सेक्शन के रेल इलेक्ट्रिफिकेशन का भी उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने तिरुवनंतपुरम में देश के पहले डिजिटल साइंस पार्क की आधारशिला रखी। यह प्रोजेक्ट कुल 1515 करोड़ का है। पहले फेज में इसमें 200 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा पीएम ने देश की पहली वाटर मेट्रो सर्विस का भी उद्घाटन किया। पोर्ट सिटी कोच्चि में तैयार की गई मेट्रो कोच्चि सिटी से आस-पास के 10 टापुओं को जोड़ेगी। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने केरल के लोगों की तारीफ करते हुए कहा- यहां के लोग बहुत ही जागरूक, समझदार और शिक्षित लोगों का प्रदेश है। यहां के लोगों का सामर्थ्य, विनम्रता, परिश्रम उनकी एक विशिष्ट पहचान बनाता है। आप सभी देश-विदेश की परिस्थितियों से भी भली भांति परिचित रहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा- अभी तक जितनी भी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चली हैं उनकी एक विशेषता यह भी है कि वो हमारे सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पर्यटन स्थलों को भी जोड़ रही है। केरल की पहली वंदे भारत ट्रेन भी नॉर्थ केरल को साउथ केरल से जोड़ेगी।

# प्रतिबंधित संगठन पीएफआई से जुड़े मामले में बिहार के कई जिलों में एनआईए ने मारा छापा

**एजेंसी/पटना**

प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया पीएफआई से जुड़े मामले में बिहार के कई जिलों में एनआईए ने मंगलवार तड़के छापेमारी की है। एनआईए की टीम दरभंगा, मोतिहारी, मधुबनी, कटिहार और सीवान पहुंची। जांच एजेंसी के सूत्र के मुताबिक उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश समेत कई अन्य राज्यों के करीब 17 लोकेशन पर छापेमारी हुई है। बिहार के दरभंगा में एनआईए ने मंगलवार की सुबह लहेरियासराय थाना क्षेत्र के उर्दू बाजार स्थित डेंटिस्ट डॉ. सारिक रजा और सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी मो. महबूब के घर पर छापेमारी की।

दरभंगा के सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव में भी अहले सुबह लगभग चार बजे एनआईए की टीम पहुंची। टीम ने पहुंचते ही गांव के ही मो. महबूब के घर को घेरकर तलाशी लेनी शुरू की। एनआईए के आने की आहट मिलते ही मो. महबूब मौके से फरार हो गया। इससे पहले एनआईए की टीम इस गांव में मो. सनाउल्लाह एवं मो मुस्तकीम के घर छापेमारी कर चुकी है। टीम ने घर पर पहुंचकर मानसिक रूप से कमजोर मो. महबूब की मां और दोनों भाई से पूछताछ की है।

वहीं सीवान में भी मंगलवार की सुबह एनआईए की पांच सदस्यीय टीम पहुंची। नगर थाना क्षेत्र के पटवाटोली में छापेमारी की। एनआईए ने नगर थाना क्षेत्र के पटवा टोली निवासी शदाकत अली के घर पर छापेमारी की। बताया जाता है कि एनआईए के पास शदाकत अली को लेकर पीएफआई से जुड़ी कुछ जानकारियां हाथ लगी हैं जिसके बाद सर्च वारंट लेकर एनआईए पहुंची थी। शदाकत अली घर पर नहीं था लेकिन एनआईए टीम ने उसके घर की तलाशी ली।

पूर्वी चंपारण जिले के चकिया थाना क्षेत्र में एनआईए की टीम पहुंची। पीएफआई मॉड्यूल को खंगालने के लिए चकिया के कुअवां गांव में स्थानीय पुलिस के सहयोग से छापेमारी की गई। एनआईए की टीम ने कुअवां के फारूक अंसारी के पुत्र सज्जाद अंसारी की तलाश में पहुंची थी। हालांकि, सज्जाद अंसारी 14 महीने से दुबई में है।






## फरार रहने के दौरान शाइस्ता परवीन चार्टर्ड अकाउंटेंट की मदद से अपने नाम करवा रही संपत्तियां

# अतीक के नाम दर्ज संपत्तियों को अपने कब्जे में ले रही शाइस्ता

**एजेंसी/प्रयागराज**

माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद शाइस्ता परवीन उसका आर्थिक साम्राज्य संभालने की कोशिश में जुट गई है। यूपी एसटीएफ को मिली जानकारी के मुताबिक, शाइस्ता अतीक के नाम दर्ज कंपनियां और संपत्तियां अपने कब्जे में ले रही है। शाइस्ता फरारी के बावजूद चार्टर्ड अकाउंटेंट के संपर्क में है। उधर, उमेश पाल मर्डर केस में आरोपी बमबाज गुड्डू मुस्लिम की आखिरी लोकेशन ओडिशा और छत्तीसगढ़ में मिली है। उसने पुलिस को चकमा देने के लिए दाढ़ी बढ़ा ली है।

अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन भी उमेश पाल हत्याकांड में आरोपी है। पुलिस शाइस्ता की तलाश में जुटी है। उस पर 50 हजार का इनाम भी घोषित किया गया। जानकारी के मुताबिक, शाइस्ता परवीन फरार रहने के दौरान



चार्टर्ड अकाउंटेंट की मदद से संपत्तियां अपने नाम करवा रही है। यूपी पुलिस ऐसे चार्टर्ड अकाउंटेंट की तलाश में जुटी है, जो अतीक और अशरफ के कालाधन का लेखा जोखा रखते थे। ये सीए शाइस्ता की मदद कर रहे हैं। शाइस्ता अतीक के काले साम्राज्य का लेखा-जोखा मंगवा रही है। उधर, शाइस्ता सरेंडर करने की फिराक में है। वह फंडिंग की व्यवस्था करने में जुटी है। सूत्रों का कहना है कि शाइस्ता हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के वकीलों की मोटी फीस के लिए पैसे जुटाने में लगी है। उसने गैंग के खास लोगों से पैसों की डिमांड की है। पुलिस अतीक के करीबियों की लिस्ट बनाकर उनके खातों पर नजर रख रही है। शाइस्ता की आर्थिक मदद करने वालों पर भी पुलिस नकेल कसने की तैयारी में हैं।

## दाढ़ी बढ़ाकर पुलिस को चकमा दे रहा बमबाज गुड्डू मुस्लिम

बमबाज गुड्डू मुस्लिम की तलाश लगातार जारी है। पुलिस लगातार उसका पीछा कर रही है। पुलिस को उसकी आखिरी बार लोकेशन ओडिशा और छत्तीसगढ़ में मिली। गुड्डू मुस्लिम की लोकेशन ओडिशा के बारगढ़ में मिली है। पुलिस ने यहां से राजा नाम के युवक को हिरासत में लिया है। उसने पूछताछ में बताया कि गुड्डू ने पुलिस से बचने के लिए दाढ़ी बढ़ा ली है। गुड्डू झांसी, नाशिक , पुणे और ओडिशा में भी रुका था। इसके बाद वह छत्तीसगढ़ भाग गया। जानकारी के मुताबिक, गुड्डू मुस्लिम 2 अप्रैल से 13 अप्रैल तक ओडिशा में छिपा था। वह ओडिशा से कपड़ों से भरा अपना बैग फेंककर भागा है। वह अकेला ही ओडिशा में ठहरा था। उसके पास पैसे भी नहीं बचे हैं। ऐसे में वह पैसों की जुगाड़ करने में लगा है। ओडिशा के बाद गुड्डू की कोई लोकेशन यूपी पुलिस के पास नहीं है। गुड्डू मुस्लिम के छत्तीसगढ़ में छिपे होने की खबर पर मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने कहा कि अगर कोई अपराधी यहां छिपा है, और यूपी पुलिस हमसे मदद मांगती है, तो हम सहयोग करेंगे।

## खबरें फटाफट

### पुलिस की सतर्कता के कारण टली चोरी

**जहानाबाद।** टेहटा बाजार स्थिक बर्तन एवं स्वर्ण दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। गनीमत ये रही के टेहटा ओपी की गति की गाड़ी चोरी की घटना के समय ही बाजार में पहुंच गई। गाड़ी की आवाज सुन चोर दुकान से हल्का-फुल्का ही सामान लेकर रफूचक्कर हो गए। दुकानदार जुगेंद्र कुमार ने बताया कि कांशा पीतल का बर्तन और कुछ चांदी का छोटा मोटा सामान जिसकी कीमत लगभग 30 से 40 हराजर रुपये के आसपास होगी, इतना समान ही चोर लेकर भागा है। दुकानदार ने बताया के उनके मेन गेट का ताला तोड़कर चोर दुकान में प्रवेश कर कशा पीतल का बर्तन सहित कुछ चांदी का सामान लेकर रफूचक्कर हो गए। उन्होंने कहा कि सोने का गहना और कैश तिजोरी में रहने के कारण चोरी नहीं हुआ। दुकानदार जोगेंद्र कुमार ने बताया कि उन्हें पुलिस द्वारा रात में सूचना दी गई कि आपके दुकान का ताला टूटा हुआ है।

### अनुपस्थित अधिकारियों से शो-कॉज

**जहानाबाद।** डीडीसी परितोष कुमार की अध्यक्षता में अनुमंडल अनुश्रवण समिति की बैठक कर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया। डीडीसी ने सदर विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव, घोषी विधायक रामबली सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। बैठक में सभी विभागों के उपलब्धि पर परिचर्चा किया गया। सभी विभागों के कार्यो एवं उपलब्धि पर विस्तार से परिचर्चा कर आवश्यक निदेश दिया गया। बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारियों से कारण पृच्छा करने का निदेश दिया गया तथा असंतोष व्यक्त किया गया। बैठक में माननीय सदस्यों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया गया कि अनुमंडल अनुश्रवण समिति की बैठक 2018 के बाद आज हो रही हैं, अनुमंडल पदाधिकारी मनोज कुमार द्वारा आश्वासन दिया गया कि यह बैठक नियमित रूप से किया जाएगा।

# जागरूकता अभियान: जन-जन का यही है नारा, मलेरिया मुक्त भोजपुर हो हमारा

**केटी न्यूज/आरा**

- विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जिले में चलाया गया जागरूकता अभियान
- स्कूली बच्चियों ने प्रभातफेरी निकाल लोगों को दिया मलेरिया से बचाव का संदेश



विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल से अमिरचंद विद्यालय स्कूली बच्चियों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। जिसके माध्यम से लोगों को मलेरिया से बचाव के लिए जागरूक किया गया। प्रभातफेरी का नेतृत्व अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह प्रभारी जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ. केएन सिन्हा के द्वारा की जा रही थी। वहीं प्रभात फेरी में डीपीएम डॉ. रवि रंजन, डीएएएम अश्विनी कुमार, वीबीडीसी अजीत कुमार के द्वारा लोगों को मलेरिया उन्मूलन के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान जन-जन का यही नारा है, मलेरिया मुक्त जिला हो हमारा, दूर होगी मलेरिया की बीमारी, जब हम सबकी होगी भागीदारी, मलेरिया से अपने परिवार को बचाओ, मच्छरदानी अपनाओ आदि स्लोगन और नारे के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। लोगों को मलेरिया से बचाव सहित इसके कारण, लक्षण एवं उपचार की विस्तृत जानकारी दी गई और सामुदायिक स्तर पर लोगों को इससे बचाव के लिए जागरूक भी किया जाएगा।

**पूरे जिले में चलाया गया जागरूता अभियान :** डॉ. केएन सिन्हा ने बताया कि विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर पूरे जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों में बच्चों के द्वारा प्रभात-फेरी भी निकाली गई। सभी स्वास्थ्य संस्थानों के पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा मलेरिया मुक्त समाज निर्माण के लिए शपथ दिलायी गई। लोगों ने शपथ ली कि घर के आसपास जलभराव नहीं होने देंगे और मच्छरों को पनपने से रोकेंगे। मच्छरदानी लगाकर सोएंगे, दूसरे को भी इसके लिए जागरूक करेंगे। बुखार होने पर सरकारी अस्पताल जाएंगे और अपना पूर्ण उपचार करवाएंगे। लोगों को जागरूक किया गया कि मलेरिया से बचाव के लिए पूरे बदन को ढ़कने वाले कपड़े का अधिक उपयोग करें। सोने के दौरान निश्चित रूप से मच्छरदानी लगाएं। इस बात का सोने के दौरान ख्याल रखें। इसके अलावा घर के आसपास जलजमाव वाली जगहों को मिट्टी से भर दें एवं किसी भी कीमत पर जलजमाव नहीं होने दें। जलजमाव वाले स्थान पर केरोसिन तेल या डीजल डालें। घर के आसपस बहने वाली नाले की साफ-सफाई करते रहें।

**मादा एनोफिलिज मच्छर के काटने से होता है मलेरिया :** डॉ. केएन सिन्हा ने बताया, मलेरिया प्लाजमोडियम नामक परजीवी से संक्रमित मादा एनोफिलिज मच्छर के काटने से होता है। मलेरिया एक प्रकार का बुखार है जो किसी भी आयु वर्ग के लोगों को हो सकता है। इसमें कपकपी के साथ 103 से लेकर 105 डिग्री तक बुखार होता है। कुछ घंटों के बाद पसीने के साथ बुखार उतर जाता है, लेकिन बुखार आते-जाते रहता है। फेलसीपेरम मलेरिया (दिमागी मलेरिया) की अवस्था में तेज बुखार होता है। खून की कमी हो जाती है। बुखार दिमाग पर चढ़ जाता है। फेफड़े में सूजन हो जाती है। पीलिया एवं गुर्दे की खराबी फेलसीपेरम मलेरिया की मुख्य पहचान है।

## शौच करने जाने के दौरान टूट कर गिरे बिजली के तार की चपेट में आने से गई जान

# दु:खद : बेटी की शादी के एक माह पहले किसान की करंट की चपेट में आने से मौत

**केटी न्यूज/आरा**


अस्पताल में मौजूद परिजन व ग्रामीण

- जगदीशपुर रेफरल अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में तोड़ा दम

जिले के जगदीशपुर में मंगलवार की सुबह करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गयी। किसान शौच करने निकले थे, तभी रास्ते में टूट कर गिरे करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गये। इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मृत किसान जगदीशपुर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 निवासी राजनाथ सिंह के 48 वर्षीय पुत्र रंगलाल सिंह थे। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। किसान के चचेरे भाई सोना लाल सिंह ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब छह बजे शौच करने नहर की ओर गए हुए थे। वहां पहले से बिजली का तार टूटकर गिरा था। उसी दौरान वह टूटकर गिरे बिजली की तार चपेट में आ गए और बुरी तरह झुलस गए। उसके बाद उन्हें इलाज के लिये जगदीशपुर रेफरल अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

किसान की मौत से उनके घर में कोहराम मच गया है। वह खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करते थे। उनकी मौत से परिजनों के समक्ष विकट समस्या उत्पन्न हो गयी है। उनकी बेटी की एक माह बाद शादी भी होने वाली थी। बेटी का हाथ पीला करने से पहले बाप की अर्थी उठ गयी। ऐसे में उनके घर में चीत्कार मचा है। बताया जा रहा है कि किसान एक भाई और एक बहन में बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी मीना देवी, पुत्री नीतू, छोटी, काजल, सरस्वती, मुकेश, राकेश गोविंद और अंकित है। पत्नी मीना देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पैसे नहीं देने पर छात्र नेता की पिटाई

**आरा।** शहर के टाउन थाना क्षेत्र के सपना सिनेमा मोड़ के समीप सोमवार रात शरारती तत्वों द्वारा विश्वविद्यालय के छात्र नेता की जमकर पिटाई कर दी गई। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी टाउन थाना क्षेत्र के शिवगंज मोहल्ला निवासी धर्म यादव का 25 वर्षीय पुत्र तेजू त्यागी है। वह वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के छात्र संगठन का प्रवक्ता के पद पर कार्यरत है।

उसने बताया कि मोहल्ले का ही संजय यादव नामक एक व्यक्ति द्वारा 10 रोज पहले रास्ते में रोककर उससे पचास हजार पैसे की मांग की थी। कहा गया था कि तुम छात्र नेता हो और खूब पैसे कमा रहे हो। इसी कारण तुम्हें मुझे पैसा देना होगा। तब उसे लगा कि वह व्यक्ति मजाक कर रहा है। उसने उसकी बातों को इग्नोर कर दिया। सोमवार की देर शाम जब वह सपना सिनेमा मोड़ स्थित चाउमिन की दुकान पर खड़ा था। तभी उक्त व्यक्ति अपने दो बेटों के साथ आ धमका और उससे पैसे मांगने लगा। उसने देने से मना कर दिया, तो उनके बीच तीखी नोकझोंक हुई। उसके बाद व्यक्ति द्वारा अपने बेटों के साथ मिल उसकी जमकर पिटाई कर दी गयी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद उसने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। तब पुलिस पहुंची और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले आयी। छात्र नेता की ओर से मारपीट करने वालों पर सोने की चेन और बीस हजार रुपए छीनने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से साइकिल सवार बुजुर्ग जख्मी

**आरा।** आरा-मोहनिया हाईवे पर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दुलौर गांव के पास मंगलवार की दोपहर अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार एक बुजुर्ग को ठोकर मार दी। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी बुजुर्ग जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बहुआरा गांव निवासी 85 वर्षीय पुत्र राजनाथ चौधरी हैं। उनके बेटे इंद्रजीत चौधरी ने बताया कि वह नयका टोला स्थित दुकान में काम करता है। मंगलवार की दोपहर उसके पिता नयका टोला से साइकिल पर सवार होकर वापस अपने गांव बहुआरा लौट रहे थे। उसी दौरान दुलौर गांव के समीप पीछे से आ रहे किसी वाहन ने उनकी साइकिल में ठोकर मार दी। उससे वह साइकिल से गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

## एक नजर

### राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर जिला जज ने की समीक्षात्मक बैठक

**जहानाबाद।** 13 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. राकेश कुमार सिंह ने न्यायिक दंडाधिकारियों के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु की समीक्षा बैठक की। उन्होंने उपस्थित सभी न्यायिक पदाधिकारियों से कहा की अब तक जितने मामलों में पक्षकार गण को नोटिस जारी किया गया है संतोषजनक नहीं है। ज्यादा से ज्यादा मामलों को चिन्हित कर कार्यालय को आदेशित कर नोटिस जारी करें। उसी रफ्तार से प्री सिटिंग भी कराना सुनिश्चित करें। अध्यक्ष ने कहा कि लक्ष्य निश्चित करते हुए कार्य करेंगे तो अवश्य रूप से लक्ष्य प्राप्ति होगी और राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में सफलता मिलेगी। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह सचिव अजय कुमार ने पंचायत सरपंचों एवं ग्राम कचहरी सचिव संबोधित के साथ बैठक करते हुए सरपंच एवं सचिवों को कहा कि पंचायत के अंतर्गत लंबित मामलों को शून्य करने के उद्देश्य से आवश्यक सभी पहल सुनिश्चित करें। पक्षकार गण को नोटिस निर्गत कर सुलह समझौता हेतु तैयार करें। और प्रिसिटिंग हेतु प्राधिकार के समक्ष स्तुत करें ताकि समय से पूर्व भी सभी मामलों को निष्पादन कराने की दिशा में आवश्यक पहल सुनिश्चित की जा सके। प्राधिकार सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल आयोजन को लेकर सभी बैंक प्रबंधकों, थानाध्यक्ष, बीमा कंपनी प्रबंधक एवं प्रतिनिधियों के साथ बैठक की जा चुकी है। पारा विधिक स्वयंसेवक गण को न्यायालय में नोटिस कार्य के सहयोग हेतु प्रतिनियुक्त किया गया है। तथा पक्षकार गण को सुलह समझौता हेतु तैयार करने के लिए नोटिस लेकर पक्षकार गण को तामील कराने के लिए निर्देशित किया गया है। यह भी निर्देशित किया गया है की निर्धारित तिथि से पूर्व ही प्रि सीटिंग की व्यवस्था की गई है। पक्षकार गण को लाकर ज्यादा से ज्यादा मामला को निष्पादित करावे। पिछले लोक अदालत से ज्यादा मामला निष्पादित कराने के लिए आवश्यक सभी पहल एवं तैयारी की जा रही है।



### रामचंद्र ठाकुर बने राजद के रोहतास जिलाध्यक्ष

**सासाराम।** राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह ने मंगलवार को पार्टी के नए जिलाध्यक्षों की सूची जारी की। राम चंद्र ठाकुर के जिला अध्यक्ष बनाया गया है तो वहीं रंजन सिंह ऊर्फ राजू यादव को जिला का प्रधान महासचिव बनाया गया है। राम चंद्र ठाकुर अति पिछड़ा वर्ग से आते हैं और जिले की राजनीति में लंबे समय से सक्रिय हैं। ये पूर्व में उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी रालोसपा के जिलाध्यक्ष थे। दो साल पहले राजद में आए थे। तब से ही वे जिलाध्यक्ष के प्रबल दावेदार बताए जा रहे थे। वहीं युवा नेता राजीव रंजन सिंह जिले सोनबरसा पंचायत के मुखिया हैं। वे लंबे समय से राजद से जुड़े हुए हैं। इसके पूर्व वो जिला राजद के प्रवक्ता और महासचिव भी रह चुके हैं। दोनों नेताओं ने नए दायित्व के लिए प्रदेश अध्यक्ष का आभार जताया है और कहा है कि पार्टी के निदेर्शानुसार गांधी, लोहिया, अंबेडकर, के आदर्शों, राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक नीतियों के अनुसार कार्य करेंगे। दोनों ने बताया कि जिला राजद की नई कार्यकारिणी का गठन जल्द किया जाएगा। पार्टी के संगठन और मजबूती के लिए समाज के प्रत्येक जाति वर्ग में कार्य किया जाएगा। जिला राजद के नेताओं ने नए जिलाध्यक्ष एवं प्रधान महासचिव को बधाई दिया है।



### भुगतान के लिए घूस मांगने का लगाया आरोप

**भभुआ।** जिले के रामपुर प्रखंड के 60 आशा कार्यकर्ता अचानक डीएम ऑफिस पहुंच गईं। उनकी शिकायत थी कि स्वास्थ्य विभाग के लिए 56 प्रकार के कामों में दिन-रात एक किए रहती हैं। उसका पैसा समय से तो भुगतान होता नहीं, कुछ दिनों बाद एकमुश्त राशि जब आती है तो ब्लॉक के अस्पताल के चंदन कुमार द्वारा भुगतान के बदले आए हुए पैसे का आधा रकम ही मांग लिया जा रहा है। इससे परेशान होकर हम लोग डीएम ऑफिस आए हैं। जानकारी देते हुए आशा कार्यकर्ता कंचन कुमारी और शांति देवी बताती हैं कि रामपुर प्रखंड के सरकारी अस्पताल में ना तो प्रभारी हैं और ना ही बीसीएम। हमलोगों से 56 प्रकार का काम कराते हैं, लेकिन भुगतान 25 प्रकार के कामों का ही किया जा रहा है। उस राशि का भुगतान करने के लिए भी आधा रकम मांगा जा रहा है। मामले में कैमूर की सिविल सर्जन डॉ मीना कुमारी ने बताया कि मेरे संज्ञान में ऐसे मामले पहले नहीं आए। आपके द्वारा बताया जा रहा है तो जांच कराऊंगी। एक हफ्ते के अंदर उसका रिपोर्ट आएगा। रिपोर्ट में अगर गड़बड़ी मिलेगी तो कार्रवाई होगी।

### आनंद मोहन राजपूत तो मैं भी राजपूत: एमएलसी

**कैमूर।** जिले के मोहनिया पहुंचे बीजेपी एमएलसी अवधेश नारायण सिंह ने कहा आनंद मोहन की रिहाई जिस कानून के तहत हुई है, उस कानून के तहत और भी जो लोग बंद हैं उनके साथ भी एक समान व्यवहार होना चाहिए। आनंद मोहन राजपूत हैं तो हम भी राजपूत हैं, इससे वोट बैंक पर का कोई असर नहीं पड़ेगा। आनंद मोहन की रिहाई पर उन्होंने कहा कि यह सरकारी काम है और सरकार का क्या निर्णय होता है देखना है, अभी डिटेल इसके बारे में मुझे नहीं पता है। उनकी रिहाई एक न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रिया है। आगे उसी तरह से काम लिया जाएगा। एक ही तरह का नियम सब पर लागू होना चाहिए। एक लॉ के सामने दो तरह की बातें तो नहीं हो सकती। इस नियम के तहत और लोग जो रिहा हो सकते हैं उनकी रिहाई होनी चाहिए । नियम सबके लिए एक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आनंद मोहन की रिहाई से राजपूत वोट बैंक पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इसका 2024 और 2025 के चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है।

## फर्जी तरीके से टिकट बुकिंग करने में साइबर कैफे संचालक गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**



भोजपुर के चरपोखरी बाजार में फर्जी तरीके से रेल टिकट की बुकिंग करने का मामला सामने आया है। प्रतिनिधियों के कोटे पर फर्जी तरीके से ऑनलाइन टिकट की बुकिंग की जा रही थी। सासाराम आरपीएफ की टीम द्वारा इस मामले में चरपोखरी के एक दुकानदार को गिरफ्तार किया है। वह चरपोखरी थाना क्षेत्र के मलौर निवासी ऋषिकेश कुमार है। उसकी चरपोखरी अमोरजा बाजार स्थित सब्जी मार्केट के पास साइबर कैफे है। पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि सासाराम की आरपीएफ की टीम फर्जी टिकट बुकिंग की शिकायत के आधार पर मंगलवार को चरपोखरी आयी थी। टीम ने स्थानीय पुलिस की सहयोग से एक ऑनलाइन दुकानदार को गिरफ्तार किया। उसके बाद आरपीएफ की टीम उसे अपने साथ लेकर चली गयी। बताया जा रहा है कि टीम की ओर से दुकानदार की गिरफ्तारी को लेकर मंगलवार की सुबह से ही जाल बिछाया गया था। दुकानदार ने जैसे ही अपनी दुकान खोली, टीम ने उसे दबोच लिया। इधर, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दुकानदार विधायक और मंत्री के कोटे से हवाई जहाज एवं रेलवे टिकट का बुकिंग फर्जी तरीके से किया जा रहा था।

## आरोपी को तीन वर्ष सश्रम कारावास

**जहानाबाद।** अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चतुर्थ कुलदीप की अदालत ने मारपीट के आरोपी विनोद यादव को भारतीय दंड विधि की धारा 324 के तहत दोषी करार करते हुए तीन साल सश्रम कारावास एवं पांच हजार रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। वहीं अर्थदंड न देने पर छह महीने अतिरिक्त कारावास की सजा आरोपी को भुगतनी होगी। इस सम्बन्ध में सहायक अभियोजन पदाधिकारी अरुण कुमार राव ने बताया कि ग्राम छपन्ना घोषी थाना क्षेत्र में चापाकल पर अत्यधिक पानी गिराने को लेकर मामूली कहासुनी में विवाद हुआ था। उसी को लेकर अभियुक्त विनोद यादव ने अपने हीं गांव के रहने वाले सुरेश मिस्त्री पर गड़ासा से हमला कर दिया, जिसमें सुरेश मिस्त्री बुरी तरह से घायल हो गया था। इसी को लेकर सूचक सुरेश मिस्त्री के द्वारा अभियुक्त विनोद यादव के विरुद्ध घोसी थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया था।

## बालू माफिया सहित 8 दागियों के खिलाफ सीसीए का नोटिस

**केटी न्यूज/आरा**




अपराध नियंत्रण को लेकर भोजपुर जिला प्रशासन की ओर से आठ दागियों के खिलाफ सीसीए का नोटिस दिया गया है। इन दागियों में जिले का एक कुख्यात बालू माफिया सत्येंद्र पांडेय भी शामिल है। जिला प्रशासन की ओर से जारी प्रेस बयान में यह जानकारी दी गयी है। बताया गया है कि बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम- 1981 के धारा -3(3) के तहत न्यायालय जिला दंडाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी, भोजपुर की ओर से आठ अपराध कर्मियों को नोटिस निर्गत किया गया है। उनमें गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बड़कागांव (अख्तियारपुर) निवासी केशव यादव का पुत्र विक्रम यादव, कोईलवर थाना क्षेत्र के पचरूखिया कला गांव निवासी रामेश्वर पांडेय के पुत्र सत्येंद्र पांडेय, शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी पप्पू पांडेय का पुत्र प्रियांशु पांडेय, उमाशंकर पांडेय के पुत्र चितरंजन पांडेय, अजिमाबद थाना क्षेत्र के किरकिरी (ताराचक)गांव निवासी लकी कुमार उर्फ संग्राम सिंह, बड़हरा थाने के लाला के टोला गांव निवासी चंद्रशेखर राय का पुत्र मनोज राय, उसी गांव के भूली राय के पुत्र चंद्रशेखर राय और नथमलपुर गांव निवासी रामनारायण सिंह के पुत्र डब्लू सिंह शामिल हैं।

## एक मई को सदर प्रखंड में बैठक

**जहानाबाद।** बिहार प्रदेश राजद के आदेशानुसार भारत रत्न बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर जी के जयंती के अवसर पर बिहार के सभी अनुमंडल में 26 अप्रैल से दो मई तक अम्बेडकर परिचर्चा आयोजित की जाएगी। इस क्रम में एक मई को जहानाबाद में परिचर्चा होना है। जिसकी तैयारी को लेकर जिला राजद के कार्यालय में जिलाध्यक्ष महेश ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बाबा साहेब द्वारा निर्मित संविधान को केंद्र में बैठी नरेन्द्र मोदी की सरकार ने छेड़ छाड़ करने से सविधान खतरे में है। बैठक में लालू जी के सरकार में दलितों एवं वंचितों को दिए गए अधिकार को केंद्र में बैठी सरकार लगातार हमला कर रही है एवं बाबा साहेब के जीवन पे सभी नेताओं ने चर्चा की गई। बैठक में विजय मंडल, रामबाबू पासवान, परमहंस राय, रंजीत पासवान, नौशाद आलम, शैलेश यादव, उमेश कुमार यादवेंडू, प्रभात कुमार व अन्य मौजूद रहे।

## पिछले वर्ष राज्य में मलेरिया के 578 मरीज किये गए चिन्हित, राज्य के सात जिलों में है मलेरिया का प्रकोप

# राज्य को 2030 तक मलेरिया मुक्त बनाने का है लक्ष्य: डॉ. अशोक

**केटी न्यूज/पटना**




विश्व मलेरिया दिवस पर राज्य के सभी जिलों में आज जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। इसी क्रम में पटना स्थित आईएमए हॉल में मलेरिया दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर निदेशक सह वेक्टर जनित रोग के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने की। कार्यक्रम में कई पूर्व चिकित्सकों एवं मलेरिया विभाग के अधिकारीयों ने शिरकत की। इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि वर्ष 2030 तक राज्य मलेरिया से मुक्त हो जायेगा। उन्होंने बताया कि राज्य में प्रति एक हजार की आबादी पर मात्र 1 मलेरिया का मरीज चिन्हित किया जा रहा है जो कि राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को मलेरिया को समाप्त करने की शपथ दिलाई।

**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने की राज्य के फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की प्रशंसा:** डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि गत वर्ष केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडवीया ने राज्य में संचालित मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा था कि राज्य में प्रति एक हजार की आबादी पर मात्र एक मलेरिया का मरीज चिन्हित किया जाना राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि है और बिहार जल्दी ही मलेरिया के दंश से मुक्त हो जायेगा। डॉ. अशोक ने बताया कि विभाग पूरी तरह से राज्य को मलेरिया मुक्त करने के लिए प्रयासरत है।

**राज्य में चिन्हित किये गए मलेरिया के 578 मरीज:** इस अवसर पर वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी राजकुमार ने बताया कि गत वर्ष जनवरी से दिसंबर तक राज्य में मलेरिया के 578 मरीज चिन्हित किये गए थे। इस वर्ष जनवरी से मार्च तक राज्य में 159 मलेरिया के मरीज पाए गए हैं। डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि राज्य के सात जिले गया, औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर, नवादा, मुंगेर एवं जमुई में मलेरिया के मरीज अधिक पाए जाते हैं। इन जिलों में विभाग कई कार्यक्रम चलाकर एवं छिड़काव के द्वारा स्थिति को बेहतर करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि राज्य के छह जिले अररिया, मधेपुरा, सहरसा, सिवान, शेखपुरा एवं सारण में एक भी मरीज नहीं मिले हैं।

## खबरें फटाफट

### आज से शुरू हो रही इंटर की कंपार्टमेंटल परीक्षा

**बक्सर।** इंटरमीडिएट परीक्षा में फेल हुए छात्रों के लिए बिहार बोर्ड द्वारा कंपार्टमेंटल परीक्षा का आयोजन किया गया है। यह परीक्षा बुधवार से शुरू हो रही है। परीक्षा को कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रशासन मुश्तैद है। पूर्व संध्या पर बक्सर एसडीओ धीरेन्द्र मिश्र ने दिशा निर्देश जारी किए है। उन्होंने बताया कि बक्सर में बीबी उच्च विद्यालय और एमपी हाई स्कूल को परीक्षा केन्द्र बनया गया है। जहा धारा 144 के साथ ही परीक्षा के दौरान किसी भी तरह के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर रोक रहेगी। परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली 9:30 से 12:45 तक तथ द्वितीय पाली अपराह्न 2 बजे से 5:15 तक संचालित होगा। एसडीओ ने बताया कि परीक्षा के दौरान नियम को तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वही कदाचार में लिप्त पाए जाने पर परीक्षार्थियों को निष्कासित किया जाएगा।

### शराब की खोज में पुलिस ने कई टोलों को खंगाला

**डुमरांव।** अनुमंडल की पुलिस शराब के खिलाफ एक्शन मोड में आ गयी है। मंगलवार को पुलिस की गठित टीम कई टोले और मोहल्लों में पहुंच कर डोर-टू-डोर सर्च अभियान चलाया। टीम कई जगहों पर संदेह के बाद खुदाई भी की लेकिन पुलिस के हाथ खाली रहे। बताया जाता है कि नोनियाडेरा, बंझूडेरा, टेढ़की पुल के आसपास के अलावे नया भोजपुर, पुराना भोजपुर, नोनियाडेरा तथा डुमरांव शहर के कई दलित मोहल्लों में टीम शराब को लेकर छानबीन करती रही। टीम ने कई जगहों पर शराब नही पीने की नसीहत दी और इसके विरुद्ध लोगों को जागरूक भी किया। पुलिस के अनुसार अभियान लगातार जारी रहेगा।

# नावानगर में दाखिल खारिज के लंबित मामलों पर डीएम ने सीओ का किया वेतन बंद

- भूमि विवाद, लोक शिकायत निवारण व लोक सेवा अधिकार की समीक्षा के दौरान डीएम ने मातहतों को फटकारा
- महत्वपूर्ण बैठकों में बिना सूचना गायब रहने वाले इटाढ़ी सीओ से पूछा गया शो कॉज




**केटी न्यूज/बक्सर**

डीएम अंशुल अग्रवाल ने मंगलवार को लोक शिकायत निवारण, लोक सेवा अधिकार एवं भूमि विवाद मामलों समीक्षा की। यह समीक्षा बैठक समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में आहूत की गई थी। लोक शिकायत निवारण के समीक्षा के क्रम में राजस्व विभाग से संबंधित 196 मामले लंबित पाए गए। जिसे देख डीएम ने संबंधित पदाधिकारियों को फटकार लगाई। इस दौरान दाखिल खारिज से संबंधित सर्वाधिक मामले नावानगर प्रखंड में मिलने के बाद डीएम ने नावानगर सीओ से स्पष्टीकरण पूछने के साथ ही उनका वेतन बंद कर दिया है।

वहीं महत्वपूर्ण बैठकों में बिना सूचना गायब रहने वाले इटाढ़ी सीओ से भी शो कॉज किया गया है। डीएम ने कहा है कि संतोषजनक जबाव नहीं मिलने पर दोनों सीओ पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावे डीएम ने लंबित भूमि विवादों के शीघ्र निष्पादन के लिए निर्देश दिया कि जो अतिक्रमण हटाने के मामले हैं उसमें बक्सर तथा डुमरांव एसडीओ पुलिस बल उपलब्ध कराते हुए तत्काल अतिक्रमण हटाने का काम कराएंगे। वहीं राजस्व के शेष मामले जो अतिक्रमण हटाने से संबंधित नहीं हैं उन मामलों को निष्पादन की जिम्मेवारी संबंधित भूमि सुधार उप समाहर्ता को दी गई। डीएम ने कहा कि भूमि उपसमाहर्ता ऐसे मामलों की समीक्षा करते हुए तत्काल इसका निष्पादन करेंगे।

### भूमि विवाद के मामलों में लापरवाही न बरतें

डीएम ने कहा कि भूमि विवाद संबंधित मामलों का तत्काल निष्पादन जरूरी है। इसमें लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद को कम कर जिले में कई अपराधिक घटनाओं को रोका जा सकता है। गौरतलब है कि जिले में भूमि विवाद संबंधित मामले तेजी से बढ़े है। इसके निष्पादन के लिए प्रत्येक शनिवार थानों में जनता दरबार का आयोजन भी होता है। बावजूद राज्य सरकार का यह उपाय भी जमीन विवाद को कम करने में कारगर साबित नहीं हो रहा है। यही कारण है कि समीक्षा बैठक के दौरान डीएम का मुख्य फोकस जमीन विवाद संबंधित मामलों के निष्पादन पर रहा।

### बिजली कंपनी के मामलों को जल्द निपटाएं

बैठक के दौरान डीएम ने बिजली कंपनी के लंबित मामलों पर भी नाराजगी जताई तथा सहायक अभियंता को इसके निष्पादन का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि कई थाना क्षेत्रों में बिजली कंपनी के मामले लंबित है। सबसे अधिक मामले कोरानसराय थाना क्षेत्र में है। उन्होंने बिल विपत्र संबंधित गड़बड़ियों को तत्काल दूर कर आम जनता को राहत देने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, स्थापना उप समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला जन संपर्क पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पाया गया आग पर काबू, जांच में जुटा प्रशासन

# चौसा पावर प्लांट के दो गोदामों में लगी आग, करोड़ों की संपत्ति का नुकसान

- अगलगी के कारणों का पता नहीं चल सका है
- अनुमान लगाया जा रहा है कि तीन से चार करोड़ की संपत्ति जली है





**केटी न्यूज/ बक्सर**

बक्सर के चौसा में निमार्णाधीन 1320 मेगा वाट थर्मल पावर प्लांट परिसर में सोमवार की मध्य रात्रि अचानक आग लगने से करोड़ों की संपत्ति जल गई है। अगलगी की यह घटना पावर प्लांट के निर्माण में लगे एल एंड टी कंपनी के दो गोदामों में लगी है। गोदामों से अचानक आग की लपटे उठता देख थर्मल पावर प्लांट के कर्मियों में मध्य रात्रि में ही भगदड़ मच गई थी। वरीय अधिकारियों को सूचना देने के साथ ही तत्काल फायर विभाग को जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची दमकल गाड़ियों ने सुबह होने के पहले आग पर काबू पा लिया था। अगलगी के कारणों का पता नहीं चल सका है। अनुमान लगाया जा रहा है कि तीन से चार करोड़ की संपत्ति जली है। जानकारों का कहना है कि अगलगी की यह घटना एलएनटी के गोदाम संख्या 3 और 4 में हुई है। कंपनी सूत्रों की मानें तो इस घटना की जांच करवाई जाएगी। अगलगी की इस घटना में स्टोर रूम में रखे इलेक्ट्रॉनिक मोटर, बैटरी सहित कई अन्य सामान जले हैं। वैसे आशंका यह भी जताई जा रही है कि आकाशीय बिजली गिरने से भी स्टोर रूम में आग लगी होगी। गौरतलब है कि सोमवार की रात मौसम अचानक खराब हो गया था तथा कई जगह पर आकाशीय बिजली गिरी थी। जानकारों का कहना है कि इस घटना के बाद कंपनी के अधिकारी आगलगी के कारण का पता लगाने तथा नुकसान का जायजा लेने में जुट गए हैं।

**विवादों तथा दुर्घटनाओं के कारण अक्सर चर्चा में रहता है प्लांट:** बता दें कि जब से चौसा में 1320 मेगावाट के थर्मल पॉवर प्लांट का निर्माण कार्य शुरू हुआ है तबसे यह विवादों तथा दुर्घटनाओं के कारण अक्सर चर्चा में रहता है। हालांकि इस पॉवर प्लांट का निर्माण बिजली उत्पादन के क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए किया जा रहा है। यह केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। लेकिन पॉवर प्लांट के निर्माण के साथ ही विवादों व दुर्घटनाओं का जो सिलसिला शुरू हुआ है वह थमने का नाम नहीं ले रहा है। बता दें कि जमीन अधिग्रहण के मुद्दे पर स्थानीय किसानों का आंदोलन भी करीब पांच महीने से चल रहा है। इसका समाधान अभी तक नहीं हो सका है। आंदोलन के दौरान पुलिसिया जुल्म से उग्र किसानों ने भी इस पॉवर प्लांट में आग लगाया था। जिसमें कई वाहनों समेत करोड़ो की संपति जली थी। जिसके बाद से पुलिस प्रशासन काफी सर्तक हो गया है। लेकिन किसानों को आंदोलन को समाप्त नहीं कराया जा सका है। इस घटना में हुए नुकसान की भारपाई अभी हुई भी नहीं थी कि कंपनी में अज्ञात कारणों से अगलगी हो गई। वही इसके पहले काम के दौरान दो बार मजदूरों की मौत की घटना तथा इसके बाद पीड़ित परिजनों को नौकरी व मुआवजे के लिए कर्मियों के विरोध प्रदर्शन व हड़ताल से भी कंपनी सुर्खियों में आई थी।

**क्या कहते हैं कंपनी के सीईओ:** इस संबंध में कंपनी के सीईओ मनोज कुमार ने कहा कि वे फिलवक्त चौसा से बाहर हैं। उन्हें इस घटना की जानकारी मिली है। अगलगी के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

## एक नजर

### डीएम ने डिजीटल सुविधा केंद्र का किया उद्घाटन



**सिमरी।** अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी डिजीटल सेवा केन्द्र काम करने लगे है। सोमवार की शाम सिमरी प्रखंड के आशा पड़री में ऐसे ही एक डिजीटल सेवा केन्द्र की शुरूआत की गई। समर्थ एल्डर केयर एवं न्यायबोध फाउंडेशन द्वारा शुरू किए गए इस डिजीटल केन्द्र का उदघाटन डीएम अंशुल अग्रवाल ने किया। अपने संबोधन में डीएम ने कहा कि देश डिजीटलाइजेशन के दौर से गुजर रहा है। न सिर्फ शहरों में बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के युवा भी अब तेजी से डिजीटल लेन देन का उपयोग कर रहे हैं। बदलाव के इस दौरान में डिजीटल सुविधा केन्द्र आम लोगों की जरूरत बनते जा रही है। डीएम ने लोगों को डिजीटल लेन देन करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इससे कमीशनखोरी तथा घुसखोरी को समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने खासकर युवाओं को इसके लिए प्रेरित किया। वही समर्थ एल्डर केयर एवं न्यायबोध फाउंडेशन के अध्यक्ष सह अधिवक्ता रीतू दूबे ने कहा कि इस डिजीटल सुविधा केन्द्र से लोगों को पेंशन संबंधित सहायता, शिक्षा एवं रोजगार संबंधित सहायता तथा कानूनी सहायता भी मिलेगी। वही इस केन्द्र के उदघाटन से स्थानीय गांव के ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। मौके पर पंचायत के मुखिया दीपनारायण सिंह, राजीव दूबे, पूर्व मुखिया सरोज तिवारी, बिहार पब्लिक स्कूल डुमरांव के डायरेक्टर नागेन्द्रनाथ दूबे, शिक्षाविद् अशोक दूबे, मनोज कुमार समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### डुमरांव का विकास ही मेरा लक्ष्य: अखिलेश सिंह



**डुमरांव।** लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने डुमरांव स्टेशन के विकास के लिए रेलमंत्री को पत्र लिखा है। इसकी जानकारी देते हुए लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि डुमरांव रेलवे-स्टेशन के बिकास व रेल ठहराव के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने मेरे आग्रह पर व रेल यात्री कल्याण समिति की मांग पर भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विन वैष्णव को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है। उन्होंने बताया कि 12 सूत्री मांगों को पूरा कराने के लिए अपने पत्र में चिराग पासवान ने रेलमंत्री से अनुरोध किया है। इसके लिए जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि डुमरांव स्टेशन तथा विधान सभा क्षेत्र का विकास ही उनका लक्ष्य है।

### जोर पकड़ने लगी सिटी बस सेवा की मांग

**डुमरांव।** शहर में सिटी बस सेवा शुरू कराने की मांग जोर पकड़ने लगी है। इस मांग को लेकर डुमरांव वासियों ने राज्य सरकार सहित कई जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया है, लेकिन अबतक शहर को इस सुविधा का लाभ मुहैया नही हुआ है। स्थानीय रेलवे स्टेशन से अनुमंडल मुख्यालय की दूरी करीब पांच किलोमीटर है। लोगों को हर रोज आवागमन को लेकर परेशानी होती है। दो दशक पूर्व डुमरांव को अनुमंडल का दर्जा मिला है। अनुमंडल बनने के साथ ही शहर का विस्तार तेजी से हो रहा है। शहरी सुविधा पाने को लेकर लोग गांव से अनुमंडल मुख्यालय को अपना बसेरा बना रहे है। इन दो दशकों में शहर की भौगोलिक सूरत ही बदल गयी है। जिस जगह पर कभी जंगल-झाड़ियां रहती थी, वहां अब सैकड़ो आशियानें बन चुके है। उन कॉलोनियों में सड़कों का विस्तार तो हुआ लेकिन पहुंचने के लिए कोई समुचित साधन उपलब्ध नहीं हो पाया है। अपने बनाये ठिकानों पर पहुंचने के लिए लोग रिक्शा या ऑटो का सहारा लेते है। अनुमंडल अस्पताल शहर से करीब ढाई किलोमीटर की दूरी पर है, जहां लोगों को इलाज कराने के लिए निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। स्थानीय नगर के बुद्धिजीवी शत्रुघ्न प्रसाद, अधिवक्ता ओमप्रकाश वर्मा, लक्ष्मण प्रसाद आदि ने बताया कि यदि सिटी बस सेवा की सुविधा मिलती तो डुमरांव की रूप-रेखा भी अलग होती। वही लोगों का कहना है कि सिटी बस सेवा शुरू नहीं होने से टेम्पो व ई रिक्शा चालक लोगों से मनमाना भाड़ा वसूल रहे है। सरकारी स्तर परिचालन सुविधा के अभाव में टेम्पो व ई रिक्शा चालकों की मनमानी चरम पर है। लोगों ने राज्य के कई शहरों हवाला देते हुए डुमरांव में भी सिटी बस सर्विस शुरू करने की मांग की है।

### एसएलडबल्यूएम की बैठक संपन्न

**केसठ।** स्थानीय प्रखंड अंतर्गत मनरेगा भवन के प्रांगण में एसएलडबल्यूएम की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा के अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में तीनो पंचायत के मुखिया, सरपंच, वार्ड सदस्य स्वच्छता कर्मी व स्वच्छता पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। बैठक में बीडीओ ने बिहार सरकार द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजना लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान फेज दो के तहत चलने वाले पंचायत में डोर टू डोर कचरा उठाव के ले अब हर घर से प्रति माह 30 रुपए लेने का निर्देश दिया। इस संबंध मे बीडीओ ने बताया कि ये पैसा वार्ड क्रियान्वयन प्रबंधन समिति के द्वारा वसूली जाएगी। जो ग्राम पंचायत के खाते में वो राशि रखी जाएगी। जरूरत पड़ने पर ग्राम पंचायत उस राशि से विकाश योजनाओं में लगाएगी और यदि स्वच्छता कर्मियों की ई रिक्शा या पैंडल रिक्शा या सामग्री खराब होती है तो उसकी मरम्मती में ये राशि लगाई जाएगी।

# इजरी हत्याकांड: मृतक के चाचा ने चार पर दर्ज कराया एफआईआर

**केटी न्यूज/चौसा**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के इजरी गांव में सोमवार की शाम जमीन विवाद में हुए सत्येन्द्र यादव हत्याकांड मामले में मृतक के चाचा आनंद यादव ने चार लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज कराया है।

पुलिस ने सोमवार की शाम ही एक आरोपी परशुराम पाठक को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उसके घर से एक लाइसेंसी रायफल व एक देशी कट्टा के साथ ही 24 कारतूस बरामद किया था। बता दें कि सोमवार की शाम परशुराम पाठक तथा ललन यादव के परिवार के बीच जमीन विवाद ने हिंसक रूख अख्तियार कर लिया था। जिसमें हुई गोलीबारी में सत्येन्द्र यादव की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि प्रदीप यादव जख्मी हो गया था। हालांकि इस मामले में स्थानीय पुलिस की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में है। जानकारों की मानें तो एक दिन पूर्व भी इस मुद्दे पर दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। रविवार को ही परशुराम पाठक के पुत्र रामअवतार पाठक ने दूसरे पक्ष पर मारपीट का आरोप लगा आवेदन दिया था। लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया था।

जानकारों का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच वर्षों से विवाद चल रहा था तथा वर्ष 2019 में दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी भी हुई थी। यदि स्थानीय पुलिस मामले को गंभीरता से ली होती तो सत्येंद्र यादव की जान बच सकती थी। एसपी मनीष कुमार ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### मास्टर ट्रेनरों के साथ बीडीओ ने की बैठक

**केसठ।** 15 अप्रैल से चल रहे जाति आधारित जनगणना के दूसरे फेज की समीक्षा के लिए मंगलवार को बीडीओ ने मास्टर ट्रेनरों के साथ बैठक की। बैठक में बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने जनगणना कार्य की समीक्षा की और रिपोर्ट मांगी। मास्टर ट्रेनर्स को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। मौके पर पंकज कुमार, उमेश कुमार, अजय कुमार विक्रांत, मुकेश सहित अन्य मौजूद थे। इस दौरान बीडीओ ने जाति आधारित गणना के लिए वार रूम सह कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया। बीडीओ ने कहा कि वार रूम सह कंट्रोल रूम से गणनाकर्मी को अगर किसी भी प्रकार की कोई समस्या होती है तो वो सहायता ले सकते हैं। कंट्रोल रूम के प्रभारी के रूप में प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी शिव शंकर सिंह और सहयोगी के रूप में नोडल सहयोगी अजय कुमार विक्रांत को प्रतिनियुक्ति किया गया है।

# एसपी ने स्वर्ण व्यवसायियों के साथ की बैठक

- एसपी ने व्यवसायियों को सीसीटीवी कैमरा लगाने का किया आग्रह
- हथियार बंद सिपाहियों का दस्ता बाजार में रहेगा तैनात



**केटी न्यूज/बक्सर**

सुरक्षा के मुद्दे पर एसपी मनीष कुमार ने मंगलवार को शहर के स्वर्ण व्यवसायियों के साथ बैठक की। स्वर्णकार संघ की तरफ से अध्यक्ष अशोक सर्राफ, महासचिव विनय कुमार व कोषाध्यक्ष बबन वर्मा समेत अन्य बैठक में शामिल हुए। एसपी ने व्यवसायियों से पूछा कि आप लोगों की मौजूदा वक्त में क्या जरुरत है। आप बेहिचक ऐसे विषयों को रखिए। स्वर्णकार संघ ने उन्हें बताया कि हमारा मुख्य कारोबार ठठेरी बाजार मोड़ से लेकर सिंडिकेट नहर मोड़ के मध्य है। हालांकि यहां चौक-चौराहे पर ट्रैफिक वाले पुलिसकर्मी रहते हैं। लेकिन, इन जगहों पर शस्त्र धारी पुलिस वालों को भी तैनात किया जाए। कम से कम दोपहर बाद से लेकर शाम के समय में वे पुराना चौक, ठठेरी बाजार मोड, मूनिम चौक वाले रोड में विशेष नजर रखें। इसके अलावे कुछ अन्य विषय पर भी चर्चा हुई। एसपी मनीष कुमार ने सभी व्यवसायियों से आग्रह किया कि आप लोग सीसीटीवी कैमरे लगाएं। इसका इंतजाम ऐसा हो कि पूरी सड़क व सभी चौक स्पष्ट रूप से नजर में हों। एसपी ने हथियार बंद सिपाहियों का चलंत दस्ता उस इलाके में तैनात करने की बात कही। उन्हें निर्देश होगा कि मुख्य जगहों पर वे विशेष रूप से कैंप भी करें। बैठक में एसपी के अलावा सदर डीएसपी गोरख राम, व्यवसायी राधेश्याम समेत सभी प्रमुख व्यवसायी उपस्थित रहे।

## समावेशी शिक्षा के तहत सदर प्रखंड के सभाकक्ष में आयोजित हुआ दिव्यांगों का प्रमाणीकरण शिविर

# दो दिवसीय दिव्यांगता जांच शिविर संपन्न, 132 बच्चों की हुई जांच

**केटी न्यूज/बक्सर**



सदर प्रखंड के सभाकक्ष में आयोजित दिव्यांग बच्चों का दो दिवसीय प्रमाणीकरण शिविर मंगलवार को संपन्न हुआ। समावेशी शिक्षा के अंतर्गत आयोजित इस शिविर में 1 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों के दिव्यांगता की जांच कर उनका प्रमाणीकरण, यूडीआईडी कार्ड एवं आधार कार्ड के लिए चयन किया गया। जानकारी के अनुसार शिविर में मंगलवार को 57 दिव्यांग बच्चों का प्रमाणीकरण कराया गया। वहीं सोमवार को 75 बच्चों की जांच की गई थी। दो दिनों में कुल 132 दिव्यांग बच्चों का प्रमाणीकरण का कार्य किया गया।

बता दें कि इस शिविर का आयोजन 1 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों के प्रमाणीकरण, यूडीआईडी कार्ड एवं आधार कार्ड बनाने के लिए किया गया था। दोनों दिन शिविर में काफी संख्या में लाभुकों की भीड़ लगी रही। शिविर को संपन्न कराने तथा सभी दिव्यांग बच्चों के रजिस्टेज्शन तथा उनके जांच के लिए दो रजिस्ट्रेशन काउंटर बनाया गया था। जहां लाभुकों का रजिस्ट्रेशन हुआ। इसके साथ ही सभी लाभुकों का विधिवत जांच किया गया। जिसमें मंगलवार को 57 एवं सोमवार को कुल 75 लाभुक शामिल हुए। चयनित कुल 132 दिव्यांग बच्चों का इस शिविर के माध्यम से प्रमाणीकरण, आधार कार्ड एवं यूडीआईडी कार्ड बनाया गया।

कार्यक्रम का संचालन समावेशी शिक्षा प्रभारी, बिहार शिक्षा परियोजना विजय कुमार सिन्हा ने किया। उन्होंने इस शिविर को सफल बताते हुए कहा कि इस शिविर का मुख्य उदेश्य दिव्यांग बच्चों को जरूरी सहायता उपलब्ध करा उनके जीवन को आसान बनाना तथा उन्हें समाज के मुख्य धारा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग व प्रशासन का इस शिविर को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा।

शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ योगेंद्र कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अरूण कुमार श्रीवास्तव, नेत्र सहायक डॉक्टर संतोष कुमार, लिपिक मनोज कुमार श्रीवास्तव, डाटा ऑपरेटर ज्योति प्रकाश, परिचारी राम उदय प्रसाद, ऑडियोलॉजिस्ट कार्तिक कुमार, सहायक ऑडियोलॉजिस्ट राहुल कुमार गुप्ता, साइकोलॉजिस्ट सोनू शर्मा, विनोद कुमार पांडेय, राजकुमार सिंह, रमेश चंद्र पांडेय, रवि रंजन कुमार, आशुतोष कुमार शर्मा, राजदेव ठाकुर, दिनेश प्रसाद सिंह, नागेंद्र तिवारी, जय प्रकाश सिंह, सुनीता कुमारी, प्रिया कुमारी के अलावा अंजू कुमारी, डाटा एंट्री ऑपरेटर राजू जायसवाल, प्रीति कुमारी उपस्थित रहे।

## मैट्रिक का रिजल्ट जारीः 77307 परीक्षार्थी दिए थे हाईस्कूल की परीक्षा, 89.78 परीक्षार्थी हुए उत्तीर्ण

# 96.33 प्रतिशत अंक लाकर सत्यम बने जिला टॉपर

**केटी न्यूज/बलिया**

यूपी बोर्ड हाईस्कूल का रिजल्ट मंगलवार को घोषित हो गया। पचरूखा गायघाट के सत्यम पांडेय 96.33 अंकों के साथ जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं क्रमशः दूबेछपरा के दीपक पाठक व काजीपुरा के रघुवीर उपाध्याय 96.17 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि चितबड़ागांव के सुमित कुमार 96 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा स्थान हासिल किया।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इस बार जनपद में कुल 77307 परीक्षार्थी हाईस्कूल की परीक्षा दिए थे। जिसमें से 89.78 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। सत्यम, दीपक, रघुवीर व सुमित के अलावा भरौली के विकास वर्मा व काजीपुरा के पीयूष कुमार 95.83 प्रतिशत अंकों के साथ पूरे जनपद में चौथा स्थान प्राप्त किया।

जबकि जमालपुर के आयुष वर्मा व नारायणगढ़ के मोहिम वर्मा 95.67 अंकों के साथ पांचवां स्थान हासिल किया। इसी प्रकार क्रमशः गौरा पतोई के संतोष चौहान, भरौली संतोष यादव व चांददीयर के संजीत वर्मा 95.50 प्रतिशत अंक पाकर छठवां स्थान हासिल किया। इसी प्रकार क्रमशः सिकंदरपुर के गोविंद प्रकाश, बघुरी के प्रिया यादव, हसनपुर की दीपाली व भीमपुरा के प्रियांश सिंह चौहान 95.17 प्रतिशत अंक पाकर सातवां स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार क्रमशः भीमपुरा की अदिति, भीमपुरा की गीताजंलि व काजीपुरा के गौरव 94.83 प्रतिशत अंक पाकर आठवां स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में जमालपुर की सोनम, सिकंदरपुर की सक्षम, भरौली की निखिल व तीखमपुर के अंचल 94.57 प्रतिशत अंक पाकर नौवां स्थान प्राप्त किया। वहीं जमालपुर की ?प्रिया वर्मा 94.50 प्रतिशत अंकों के साथ पूरे जनपद में दसवां स्थान हासिल किया।

**सत्यम की उपलब्धि पर पूरे जनपदवासियों नाज :** संत विश्वनाथ दास विद्यालय पचरूखा गायघाट के सत्यम पांडेय 96.33 प्रतिशत अंक पाकर पूरे जनपद में पहला स्थान पाने का गौरव हासिल किया। सत्यम की इस उपलब्धि पर पूरे गांव में हर्ष का माहौल है। सत्यम के गुरुजन, रिश्तेदार के साथ ही गांव के बड़े बुजुर्ग भी सत्यम की इस उपलब्धि पर तारीफ करते नहीं थक रहे है। सत्यम की इस उपलब्धि पर पूरे जनपदवासियों को उस पर नाज है।



सत्यम पांडेय को मिठाई खिलाते परिजन

### दीपक ने मां-बाप को दिया सफलता का श्रेय



**दुबहड़।** शहीद मंगल पांडेय के पैतृक गांव नगवां निवासी दीपक पाठक पुत्र उमेश कुमार पाठक ने माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित हाई स्कूल की परीक्षा में 96.17 प्रतिशत अंक पाकर जनपद में टॉप टेन की सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने घर-परिवार सहित पूरे क्षेत्र तथा जनपद का मान बढ़ाया है। परिजनों को दीपक पाठक द्वारा जैसे ही परीक्षा परिणाम में टॉप 10 की सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त करने की सूचना प्राप्त हुई, वे खुशी से झूम उठे। दीपक पाठक यशोदा देवी इंटर कॉलेज दुबे छपरा के छात्र हैं। दीपक पाठक के चचेरे बड़े भाई नितेश पाठक ने बताया कि दो भाइयों में बड़ा दीपक बचपन से ही कुशाग्र एवं मेधावी प्रवृत्ति का छात्र है। दीपक ने अपने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, बड़े पिता तथा गुरुजनों को दिया।

### 96 प्रतिशत अंक पाकर टॉप थ्री में बनाया स्थान



**बलिया।** चितबड़ागांव शक्ति पाठ दीपा इंटर कालेज नारायणपुरी के सुमित कुमार 96 प्रतिशत अंक पाकर पूरे जनपद में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। परीक्षा परिणाम की सूचना जैसे सुमित व उसके घर वालों को हुई सभी खुशी से झूम उठे। सुमित ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने मां-बाप को दिया है।

## इंटरमीडिएटः 95 प्रतिशत अंक के साथ अंजली बनी जिला टॉपर



अंजली



अंकित वर्मा

**बलिया।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल का रिजल्ट आने के साथ-साथ इंटर का भी परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित हो गया। किसान इंटर कॉलेज शिवधर सीलाहटा की अंजली ने 95 प्रतिशत यानि 475 अंक प्राप्त करते हुए जनपद में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं अंकित वर्मा 93.40 प्रतिशत 467 अंक तथा मोहिनी गोंड 93.40 प्रतिशत 467 अंक ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान, अनन्या गुप्ता 93.20 प्रतिशत 466 अंक ने तृतीय स्थान, साहिल यादव तथा निशा वर्मा ने 92.60 प्रतिशत 463 अंक ने संयुक्त रूप से चौथे स्थान एवं स्वीटी सिंह 92.40 प्रतिशत 462 अंक ने पांचवां स्थान हासिल किया है।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि जनपद में इंटर में 81887 छात्र पंजीकृत थे। जिसमें 70054 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दिया था। इनमें से 39287 उत्तीर्ण हुए है। उत्तीर्ण हुए छात्रों का प्रतिशत 56.08 है। टॉप पांच के अलावा गायघाट की अमृता तिवारी 92 प्रतिशत अंक के साथ छठवां स्थान हासिल किया। इसी क्रम में क्रमशः संदीप वर्मा व देवशीष प्रजापति 91.80 प्रतिशत अंक हासिल कर सातवां स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार रक्षा शुक्ला 91.60 प्रतिशत अंक पाकर आठवां स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में क्रमशः आदित्य, अपर्णा व विशाल 91.40 अंक हासिल कर नौवां स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में अदिति, अदीशा व अमन 91 प्रतिशत नंबर पाकर दसवां स्थान प्राप्त किया।

## निकाय चुनाव : मतदान केंद्रों पर करना होगा सोशल डिस्टेसिंग का पालन, मास्क अनिवार्य

**केटी न्यूज/बलिया**




कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए मतदान केंद्रों पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना होगा। साथ ही मतदान केंद्र के अंदर मास्क लगाना भी अनिवार्य कर दिया गया है। मतदान केंद्रों पर मास्क, सेनेटाइजर की व्यवस्था भी करनी होगी। मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण से लेकर अन्य चुनावी प्रक्रिया के लिए भी कोरोना गाइड लाइन का पालन करना होगा। एक ओर जहां निकाय चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। वहीं हर जगह कोरोना संक्रमण के मामले भी बढ़ते जा रहे हैं। इसको देखते हुए ही राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव में कोरोना को लेकर गाइड लाइन जारी की है। कहा है कि मतदान केंद्रों, प्रशिक्षण स्थल, पार्टी रवानगी स्थल आदि सभी जगहों पर कोरोना से बचाव के लिए सभी व्यवस्थाएं की जाएं। कर्मचारियों की ड्यूटी आरक्षित में लगाई जाए, जिससे किसी कर्मचारी को कोरोना होता है तो उसके स्थान पर दूसरा कर्मचारी लगाया जा सके। मतदान दलों को अलग-अलग सत्रों में बुलाया जाए। चुनाव के समय मास्क का प्रयोग अनिवार्य रहेगा और उचित दूरी का पालन भी करना होगा। मतदान केंद्र पर मतदान दल के सदस्यों, एजेंट्स के बैठने की व्यवस्था सामाजिक दूरी के नियमों को ध्यान में रखते हुए की जाएगी।

**मतदाता की पहचान के लिए हटवा सकेंगे मास्क :** मतदान केंद्र पर प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए मास्क लगाना अनिवार्य होगा। केवल मतदाता की पहचान के लिए ही मास्क हटाया जा सकेगा। जहां कर्मचारियों के ठहरने की व्यवस्था रहेगी, वहां साफ-सफाई और सेनेटाइजेशन किया जाएगा।मतदान केंद्रों पर मास्क और सेनेटाइजर रखा जाएगा। जहां पोलिंग एजेंट्स को अंदर बैठाने से सामाजिक दूरी का पालन संभव नहीं है तो उन्हें कक्ष से बाहर इस तरह बैठाया जाएगा। बूथ पर भीड़ नहीं लगने दी जाएगी। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि आयोग की गाइड लाइन के अनुसार व्यवस्थाएं की जा रही हैं और मतदान केंद्रों पर कोरोना संक्रमण से बचाव की सभी व्यवस्था होगी।

### सड़क दुर्घटना में पत्रकार के भाई की मौत

**बलिया।** सिकन्दरपुर-लीलकर मार्ग पर मठिया गांव के समीप सोमवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक पत्रकार के भाई की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। उधर, हादसे की जानकारी होते ही पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई। सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के लीलकर गांव निवासी पत्रकार निकेश राय के बड़े भाई सुनील कुमार राय (45) सोमवार की देर शाम को सिकंदरपुर से घर वापस जा रहे थे। जैसे ही वे मठिया गांव स्थित ईंट भट्ठा के सामने पहुंचे कि सामने से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में धक्का मार दिया। जिससे वे सड़क पर गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के काफी देर बाद मौके पर पहुंचे आस पास के लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी और घायल को इलाज हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिजवाया। जहां जांचोपरांत डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## खेत में काम कर रहे पिता-पुत्र की बिजली की चपेट में आने से मौत

**केटी न्यूज/बलिया**

बैरिया थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां सब्जी के खेत में काम कर रहे पिता-पुत्र की बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। मंगलवार की सुबह अचानक हुए हादसे से गांव में हड़कम्प मच गया। वहीं, परिजनों में कोहराम मच गया है। बैरिया थाना क्षेत्र के टेंगरही गांव निवासी वकील शर्मा (55) पुत्र बहादुर शर्मा चांदपुर गांव में लगान पर खेत लेकर मूंग की खेती किये थे। मंगलवार की सुबह खेत की सिंचाई अपने पुत्र श्याम प्रकाश शर्मा (21) के साथ कर रहे थे, तभी विद्युत खम्भे के स्टेक से वकील शर्मा छू गए। करंट की जद में आकर वकील शर्मा छटपटाने लगे और पुत्र श्याम प्रकाश शर्मा कुछ समझ नहीं पाया। वह पिता को बचाने जैसे ही आगे बढ़ा मौत ने उसे भी दबोच लिया। ग्रामीणों के अनुसार विद्युत खम्भे के स्टेक में बिजली उतर आई थी। झुलसे पिता-पुत्र को ग्रामीण सीएचसी सोनबरसा ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।सूचना पर बैरिया पुलिस ने शव का पंचनामा कर जिला मुख्यालय पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**बीए का छात्र था श्याम प्रकाश :** मृतक श्याम प्रकाश बीए का छात्र था। दो भाइयों में सबसे छोटा था। बड़ा भाई मनीष कुमार शर्मा यूपी पुलिस में है। उसकी तैनाती वराणसी में है। माता कलावती पति व पुत्र के एक साथ शव देख बदहवास स्थिति में है। मृतक वकील शर्मा की चार पुत्रियों में तीन पुत्रियों की शादी हो गई है। सबसे छोटी पुत्री प्रियंका पिता और भाई की मौत से दहाड़े मारकर रो रही थी।

## नपा जमानिया के कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए मंत्री रविंद्र जायसवाल

**बलिया।** उत्तर प्रदेश में राज्यमंत्री (स्टाम्प एवं न्याय शुल्क) रविन्द्र जायसवाल, नगर पालिका परिषद जमानिया में कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। उनके साथ एमएलसी विशाल सिंह चंचल भी शामिल थे। इस कार्यकर्ता सम्मेलन में मंत्री ने कहा कि देश में मोदी और प्रदेश में योगी की सरकार है। नगरपालिका और नगर पंचायतों का विकास करना है, तो बीजेपी ही एकमात्र विकल्प है। गुंडे माफिया आज डर के छुपे हुए हैं। एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता हमारे पार्टी की रीढ़ की हड्डी है। आप के हौसले का ये परिणाम है कि आज देश और प्रदेश में हमारी सरकार है। बता दें कि जय प्रकाश गुप्ता जी संघर्षशील व्यक्ति हैं। कार्यकर्ता प्रत्येक व्यक्ति के घर तक पहुँचे और अपनी सरकार की योजनाओं को बताएं। हम गाजीपुर की आठ सीट पर जीत का परचम लहराएंगे। माफिया अब रहम की भीख मांग रहे हैं। किसी से डरने की जरूरत नहीं है। प्रत्येक कार्यकर्ता खुद को मेरा प्रतिनिधि माने कोई डराने धमकाने की कोशिश करें तो आप मुझे अवगत करा सकते हैं। जनता तक यह बात पहुंचाएं। साथ ही निर्बाध रूप से बिजली, सड़क,स्वच्छ पानी सिर्फ और सिर्फ हमारी सरकार ही दे सकती हैं।

### ट्रेन से गिरकर मजदूर की मौत

**मऊ।** इंदारा फेफना रूट पर रतनपुरा और हलधरपुर के मध्य अवस्थित ढोलबन गांव के पास एक व्यक्ति का ट्रेन से गिरने से मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक सोमवार की शाम को 8:00 बजे मुंबई से बलिया जा रही ट्रेन से यात्रा कर रहा था। उसे मऊ उतरना था। मगर वह मऊ में उतर नहीं पाया और ट्रेन बलिया के लिए रवाना हो गई। जैसे ही ट्रेन ढोलबन गांव के पास पहुंची तो वह ट्रेन की गेट से नीचे गिर गया। शव ट्रेन और पटरी के बीच काफी देर तक पड़ी रही। सुबह गांव वाले उधर दिशा शौच के लिए गए तो ट्रैक के पास शव को देखकर ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पर्स में रखे आधार कार्ड से जानकारी प्राप्त किया कि मृतक पप्पू राजभर है, जो गाजीपुर निवासी है।

## आंधी-बारिश के साथ गिरे ओले, जनजीवन अस्त-व्यस्त

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जमानिया तहसील में अचानक आई तेज आंधी-पानी व ओला गिरने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। धूल भरी आंधी के बाद मूसलाधार बारिश व ओला गिरने से जगह-जगह पेड़ उखड़ने से जहां यातायात ठहर गया, वहीं विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई है।



स्थानीय उपखंड से सभी फीडरों की आपूर्ति बंद है। तेज आंधी के चलते तार व खंभे टूट गए हैं। यही नहीं पेड़ों के गिरने से भी विद्युत व्यवस्था प्रभावित हुई है। देवढ़ी फीडर का 33,000 का पोल दाउदपुर तिराहे के पास टूटकर नीचे गिरने से गंधुतालुका क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। सोमवार को देर रात आंधी व बारिश से बड़ेसर नहर के पास 11000 वोल्ट का पोल गिर जाने से स्टेशन बाजार की विद्युत आपूर्ति बंद हो गई है। क्षेत्र में जगह-जगह पेड़ व विद्युत पोल गिर जाने के कारण यातायात सहित विद्युत सप्लाई बाधित हो जाने के कारण उपभोक्ताओं के साथ ही राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। समाचार दिए जाने तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी। जेई इन्द्रजीत पटेल ने बताया कि देवढ़ी फिडर पर 33 हजार के दो पोल तथा 11 हजार के 12 पोल गिर गये है। सामान रात तक आ जायेगा। सुबह काम लग जायेगा। जबकि स्टेशन फीडर पर तीन पोल गिर गये है। काम पूरा हो गया है।

### नगर निकाय चुनाव को लेकर नामांकन पत्रों की हुई जांच, वैध पत्रों की सूची जारी

# नाथ भंजन में अध्यक्ष पद हेतु सभी 11 नामांकन पत्र जांच के उपरांत वैध

**केटी न्यूज//मऊ**



नगर पालिका परिषद मऊ नाथ भंजन में अध्यक्ष पद हेतु सभी 11 नामांकन पत्र जांच के उपरांत वैध पाए गए। जबकि वार्ड संख्या 6 से 10 में सदस्य पद हेतु एक नामांकन निरस्त कर दिया गया। इस प्रकार नामांकन पत्रों की जांच के उपरांत नगर पालिका परिषद मऊ में अध्यक्ष पद हेतु दाखिल समस्त 11 नामांकन पत्र वैध पाए गए, जबकि सदस्य पद हेतु वार्ड संख्या 1 से 5 में 39, वार्ड संख्या 6 से 10 में 39, वार्ड संख्या 11 से 15 में 39, वार्ड संख्या 16 से 20 में 50, वार्ड संख्या 21 से 25 में 39, वार्ड संख्या 26 से 30 में 26, वार्ड संख्या 31 से 35 में 28, वार्ड संख्या 36 से 40 में 22 एवं वार्ड संख्या 41 से 45 में 34 नामांकन पत्र वैध पाए गए।इस प्रकार नगर पालिका परिषद मऊ के समस्त वार्डों हेतु दाखिल कुल नामांकनो में 316 नामांकन वैध पाए गए।

इसी प्रकार नगर पंचायतों में अध्यक्ष एवं सदस्य पद हेतु दाखिल नामांकन पत्रों की जांच के दौरान नगर पंचायत चिरैयाकोट में अध्यक्ष एवं सदस्य पद हेतु 1-1 नामांकन निरस्त कर दिया गया।

नगर पंचायत कोपागंज में अध्यक्ष पद के 15 एवं सदस्य पद हेतु 85, नगर पंचायत अदरी में अध्यक्ष पद के 8 एवं सदस्य पद के 51, नगर पंचायत कुर्थी जाफरपुर में अध्यक्ष पद के 18 सदस्य पद के 103, नगर पंचायत घोसी में अध्यक्ष पद के 14 सदस्य पद के 96,नगर पंचायत अमिला में अध्यक्ष पद के 21 सदस्य पद के 87, नगर पंचायत दोहरीघाट में अध्यक्ष पद के 10 सदस्य पद के 55, नगर पंचायत मोहम्मदाबाद गोहना में अध्यक्ष पद के 7 सदस्य पद के 108,नगर पंचायत वलीदपुर में अध्यक्ष पद के 16 एवं सदस्य पद के 85,नगर पंचायत मधुबन में अध्यक्ष पद के 13 एवं सदस्य पद के 90 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे, जो जांच के दौरान वैध पाए गए। नगर पंचायत चिरैयाकोट में अध्यक्ष पद हेतु दाखिल 14 नामांकन पत्रों में एक एवं सदस्य पद हेतु दाखिल 100 नामांकन पत्रों में एक नामांकन पत्र जांच के दौरान निरस्त कर दिया गया। इस प्रकार समस्त नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद हेतु कुल 135 तथा सदस्य पद हेतु कुल 859 नामांकन पत्र वैध पाए गए।

## एक नजर

### खुशी जायसवाल को प्रदेश में मिला छठवां स्थान, हाई स्कूल में किया जिला टॉप



**गाजीपुर।** हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में देवकली ब्लाक के सम्मनपुर नेवादा ग्राम की रहने वाली खुशी जायसवाल पुत्री बालेश्वर जायसवाल ने 97.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में प्रथम तथा प्रदेश की मेरिट में छठां स्थान प्राप्त कर देवकली ब्लाक सहित पूरे जनपद का नाम प्रदेश में रोशन किया है। पिता बालेश्वर जायसवाल सैदपुर में एक दुकान पर नौकरी करके किसी तरह परिवार का गुजर बसर करते हैं।खुशी हनुमान सिंह इंटर कालेज देवकली की छात्र है तथा छोटी बहन अंजली जायसवाल भी इसी कालेज में कक्षा नौ की छात्र है।सफलता का श्रेय अपने पिता बालेश्वर व माता प्रतिभा जायसवाल को देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में प्रोफेसर बनने की इच्छा व्यक्त की। खुशी की सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डा० दिनेश कुमार श्रीवास्तव, प्रबंधक डा० राजेंद्र प्रताप सिंह, व्यवस्थापक राजेश सिंह यादव, एचएस इण्टर कालेज सोन्हुली के प्रधानाचार्य भूपेन्द्र सिंह यादव, पूर्व एमएलसी विजय यादव ने बधाई देते हुए छात्रा के उज्वल भविष्य की कामना की है।

### बैठक कर प्रत्याशियों को जिलाधिकारी एवं एसपी ने दिया निर्देश



**गाजीपुर।** नगरीय निकाय चुनाव को सकुशल निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमबीर सिंह ने सोमवार को नगर पालिका दिलदारनगर में लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों के साथ बैठक ली। जिसमें आदर्श आचार संहिता का शत प्रतिशत पालन करने का निर्देश दिया। कहा कि जितने भी प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं वह निर्वाचन आयोग के गाइड लाइन के अनुरूप ही कार्य करेंगे और धन का खर्च एक दिन में जितनी लिमिट है, उतना ही खर्च करेंगे। उससे ज्यादा खर्च नहीं करेंगे, न ही अगले दिन खर्च किया जाएगा। उन्होंने जनपद के समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायत एवं जनपदवासियों से अपील किया कि किसी भी प्रकार की गलत सूचना नहीं देंगे। ऐसी स्थिति में गलत सूचना फैलाने एवं देने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि कोई भी शिकायत दर्ज कराता है या फोन के माध्यम से सूचना देता है, तो तत्काल मौके पर पहुंचकर निस्तारण कराया जाए। किसी भी प्रकार की समस्या पर कन्ट्रोल रूम नम्बर -0548-2221303, 2226100 एवं मोबाइल नंबर-9555050448 पर तत्काल सूचना प्राप्त करा सकते हैं। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने नगर पालिका दिलदारनगर में रूट मार्च कर आम जनमान से मुलाकात की और उनसे चुनाव का हाल जाना और पूछा की चुनाव में किसी प्रकार की गड़बडी तो नहीं हो रही है। इस पर आमजन ने संतोष जनक बताया। इस दौरान उन्होंने वोटरों से अपील किया कि चार मई 2023 को प्रातः सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान सम्पन्न होगा। वोटर अपने सुविधानुसार किसी भी समय निर्धारित अवधि के अंदर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सेवराई, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी जमानियां दिलदारनगर के अध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी अविनाश जायसवाल उर्फ नेपाली सहित अन्य प्रत्याशी उपस्थित रहे।

### एमएलसी के सहयोग से मुख्यमंत्री ने 16 पीड़ित परिवारों को दी आर्थिक सहायता



**गाजीपुर।** एमएलसी विशाल सिंह चंचल के अनुरोध पर मुख्यमंत्री ने 16 पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान किया है। इन पीड़ित परिवारों में एक परिवार बलिया का भी है। एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने इन सभी के जल्द ही स्वस्थ होने की कामना की। गाजीपुर की सातों विधानसभाओं से आए इन सभी पीड़ित परिवारों ने मुख्यमंत्री और एमएलसी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। बलिया की धर्मशीला को 85, 000 रुपये, सादात के राजेश नारायण मिश्रा को 2,50,000 रुपये, कउड़ा जखनियां की उर्मिला देवी को 1, 50, 000 रुपये, टाड़ीघाट की शारदा सिंह को 100000 रुपये, डुहिया टाड़ीघाट की सत्यभामा को 35, 000, तराव सैदपुर के आलोक को 2, 50, 000, मधुबन की शीला देवी को 1,50, 000 उचौरी के दीपक चौहान को 2, 00, 000 ,अधियारा की अनीता को 125000, पुरैना की हिरामुनी को 300000, कलौता के उपेंद्र मौर्य को 271000, जखनिया की सुमन तिवारी को 150000 ,दिलदारनगर के कमलेश प्रजापति को 250000, देवकठिया के जयमंगल प्रजापति को 75000, कस्तुवा की शशिकला प्रजापति को 100000 ,शहबाजपुर के विजय को 35000 रुपये की आर्थिक सहायता।

### गर्भवती को प्रसव तक नि:शुल्क उपचार मिले



**मऊ।** महिला अस्पताल का मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कम प्रसव होने पर नाराजगी जताते हुए संबंधित चिकित्सक और कर्मियों को कार्य प्रणाली में सुधार लाते हुए आने वाले मरीजों को समुचित उपचार दिलाने की हिदायत दी। इस दौरान सीडीओ ने अस्पताल के वार्ड, ओटी आदि का जायजा लिया और संसाधनों की परख भर्ती मरीजों से बात भी की। सीडीओ प्रशांत नागर ने कहा कि अस्पताल में सभी प्रकार की सुविधा होने के बाद भी निरंतर प्रसव का कम होना चिंता का विषय है। सरकार का उद्देश्य है कि गर्भवती को प्रसव तक निःशुल्क उपचार मिले। साथ ही नवजात को भी विशेषश्र चिकित्सकों की निगरानी में सभी का उपचार मिले। निरीक्षण के दौरान सबसे पहले वह वार्ड में गए जहां पर मरीज भर्ती थी। साफ- सफाई से लेकर अन्य सभी के बारे में जानकारी ली। बच्चे के उपचार के बना एसएनसीयू को भी देखा। प्रसूताओं ने अस्पताल में मिलने वाले भोजन का पूरा विवरण लिया। सभी पहलू पर संतोष जाहिर किया। जबकि प्रसव को लेकर सभी को हिदायत दी कि किसी भी हाल में प्रसव कम नहीं होना चाहिए। सभी लोग सीएचसी तथा पीएचसी के माध्यम से अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताए, ताकि दूर दराज के गर्भवती महिलाओं को भी इसका लाभ मिल सके। चेताया कि अस्पताल से मरीजों को बरगला कर निजी अस्पताल ले जाने वालों को चिहृति कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसीएमओ डॉ. बीके यादव, डॉ. भैरव पांडेय सहित आदि लोग उपस्थित थे।